# कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छ.ग.)

E-mail - shivnathcollege@gmail.com, website - www.shivnathcollege.com, Phone no. 07744-29159


क्रमांक/711/स्था./2025 राजनांदगाँव, दिनांक : 03/04/2025

## // अतिथि ग्रंथपाल हेतु विस्तृत विज्ञापन //

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्रं.. 574/126/आउशि/राज स्था/2024 नवा रायपुर, अटल नगर दिनाक 06/07/2024 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 3–54/स्था./2020/38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनाक 20/06/2024 में ग्रंथपाल के रिक्त पद के विरुद्ध पुस्तकालय व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि ग्रंथपाल/ग्रंथालय सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ अपना आवेदन दिनांक 23/04/2025 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करे) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–

1. अतिथि ग्रंथपाल के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। विनिमय, 2018 के अन्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग (असंपन्न वर्ग) एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमा – अतिथि ग्रंथपाल/अतिथि ग्रंथालय सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक।
3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. विषय/पदों का विवरण :–

| क्रमांक | विषय | रिक्त पद एवं संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राध्यापक | सह–प्राध्यापक | सहा. प्राध्यापक | ग्रंथपाल | क्रीड़ा अधिकारी |
| 1. | ग्रंथालय | – | – | – | 1 | – |

टीप :– ग्रंथपाल पद के विरूद्ध नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानान्तरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि ग्रन्थपाल/अतिथि ग्रन्थालय सहायक की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

शर्ते :–

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट / नेट, एम.फिल / पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
02. दिनांक 23 / 04 / 2025 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकतें हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नही किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
03. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
04. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 24 / 04 / 2025 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा।
05. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 28 / 04 / 2025 तक होगी।
06. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरुद्ध पुलिस / न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यार्थी किसी अन्य शासकीय / अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में शिकायत / कार्य सतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।
07. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यार्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
08. अतिथि ग्रंथपाल की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
09. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा –

| (स) | | | |
|---|---|---|---|
| क्रं. | विवरण | अतिथि ग्रंथपाल | अतिथि ग्रंथपाल सहायक |
| | दैनिक मानदेय (प्रति दिवस न्यूनतम 07 घंटा कार्य अवधि) | 1600 / – प्रतिदिन (40,000 / – प्रतिमाह अधिकतम) | 1200 / – प्रतिदिन (30,000 / – प्रतिमाह अधिकतम) |

10. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.) पिन कोड 491441 एवं आवेदित पद आवश्यक रूप से लिखे।
11. इस विज्ञापन के तहत दिए गए अतिथि ग्रंथपाल को विश्वविद्यालयीन / महाविद्यालयीन के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंत नहीं कहलायेंगे।

12. संस्थान में इस व्यवस्था के अतंगर्त कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी जिसकी कार्यवाही संबंधित, संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
13. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना/होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।
14. संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार ग्रंथालय के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक ,सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, संबंधी कार्यो में से सहयोग प्रदान करेंगे।
15. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में पुस्तकालय संबंधी कार्य अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में ग्रंथालय कार्य हेतु पात्र नही होगें।

डॉ. निर्मला उमरे
प्राचार्य
शास. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)